जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965


साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 59 | अंक-39 | जयपुर, सोमवार, 16 अक्टूबर, 2023 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## भारत में लैपटॉप आयात पर प्रतिबंध नहीं लगेगा, सिर्फ निगरानी करेगी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** अब भारत में लैपटॉप और कंप्यूटर के आयात पर कोई प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा और सरकार सिर्फ उनकी खेप की निगरानी करेगी। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने यह जानकारी दी है। इससे पहले सरकार की ओर से अगस्त महीने में कहा गया था कि लैपटॉप, टैबलेट और कंप्यूटर सहित इन उत्पादों को एक नवंबर से लाइसेंस व्यवस्था के तहत रखा जाएगा। सुनील बर्थवाल ने कहा कि हमारा विचार है कि लैपटॉप पर इस तरह का कोई प्रतिबंध नहीं है। हम केवल यह कह रहे हैं कि लैपटॉप



का आयात करने पर उनकी कड़ी निगरानी रखी जाएगी, ताकि हम इन आयातों पर नजर रख सकें। इस बारे में विदेश व्यापार महानिदेशक (डीजीएफटी) संतोष कुमार सारंगी ने कहा कि आयात प्रबंधन प्रणाली एक नवंबर से लागू होगी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में काम प्रगति पर है और उम्मीद है कि यह 30 अक्टूबर से पहले हो जाएगा। जानकरी के लिए आपको बता दें कि अगस्त में आयात पर प्रतिबंध लगाने का ऐलान हुआ था । सरकार ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और चीन जैसे देशों से आयात में कटौती करने के लिए अगस्त में लैपटॉप, कंप्यूटर (टैबलेट कंप्यूटर सहित), माइक्रो कंप्यूटर और कुछ डेटा प्रोसेसिंग मशीनों पर आयात प्रतिबंध लगा दिया था। इस अधिसूचना के बाद आईटी हार्डवेयर उद्योग ने चिंता जताई थी।



## यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट ने 3 दिवसीय कार्यशाला का किया आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूनिवर्सिटी डीन प्रो डॉ. अनिरुद्ध मुखर्जी, विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. प्रीति शर्मा, कार्यशाला के मुख्य समन्वयक डॉ. राहुल शर्मा, डाटा विश्लेषण विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। डाटा विश्लेषण विशेषज्ञ डॉ. दीपक कुमार गुप्ता ने एस पी एस एस के द्वारा डाटा एनालिसिस विषय पर कार्यशाला को संबोधित किया।

कार्यशाला के मुख्य समन्वयक डॉ. राहुल शर्मा ने विद्यार्थियों को डाटा विश्लेषण में इस तरह की कार्यशाला की महत्ता को समझाया।

विभागाध्यक्ष प्रो डॉ. प्रीति शर्मा ने बताया की इस तरह की कार्यशाला विद्यार्थियों में शोध के प्रति रुचि बढ़ाती है। कार्यशाला में 110 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमें विद्यार्थी, शोधार्थी एवं अध्यापक आदि लोग उपस्थित रहे।

## हां मैं सावित्रीबाई फुले नाटक का जवाहर कला केंद्र में हुआ मंचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** पिंकसिटी जयपुर के जवाहर कला केंद्र में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले का संघर्ष बुधवार की शाम मंच पर देखने को मिला । कलाकार शुभांगी और शिल्पा ने विभिन्न पात्रों को मंच पर सरकार किया । मौका था जवाहर कला केंद्र की ओर से अक्टूबर उमंग-लोक संस्कृति संग थीम पर कला संसार मधुरम के अंतर्गत नाटक हाँ मैं सावित्रीबाई फुले के मंचन का। जानकारी के लिए आपको बता दें कि यह नाटक सुषमा देशपांडे के निर्देशन में खेला गया । चंचल स्वभाव की छोटी सावित्री जिसे एहसास नहीं है कि भविष्य में उसे समाज को दिशा देने में कितनी बड़ी भूमिका निभानी है । सावित्री इमली और जामुन तोड़ती है । मां मिट्टी के चूल्हे पर खाना पकाने को कहती है तो वह मिट्टी से खेलना शुरू कर देती है। समय करवट लेता है और सावित्री का विवाह ज्योतिराव फुले से हो जाता है । पढ़ने लिखने में अव्वल ज्योति कुरीतियों से ग्रस्त



तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था के खिलाफ मुखर रहते हैं,उन्हें काफी विरोध का सामना करना पड़ता है । वह सावित्री को कहते हैं कि अन्याय के विरुद्ध तुम मेरा साथ दोगी ना सावित्री ! यहीं से उनकी अर्धांगिनी सावित्री उनके संघर्ष को भी आधा बांट लेती है । मैं पढ़ूंगी, लिखूंगी, मैं सीखूंगी इस ध्येय के साथ सावित्री अपने पति के संग घर पर पढ़ने लगती है । घर से सीख कर सावित्री स्कूल में महिलाओं को पढ़ाती है । विरोध का सामना करने के बाद भी सावित्री शिक्षा की मशाल हाथ में लेकर निकल पड़ती है । स्कूल के लिए जाते समय सावित्री से अपशब्द कहे जाते हैं ,उस पर कीचड़ फेंका जाता है, पत्थर फेक जाते हैं, लेकिन निर्भीक सावित्री और ज्योतिराव अपने पथ से तनिक भी नहीं डगमगाते हैं। सावित्रीबाई और ज्योतिराव दोनों ही सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जंग लड़ते-लड़ते जिंदगी को विदा कहते हैं । दोनों ने शिक्षा की जो अलख जगाई उसके तेज से समाज आज भी दीप्तिमान है ।

खादी के शौकीन लोगों के लिए सुनहरा मौका

## खादी वस्त्रों पर मिल रही 50 प्रतिशत की छूट

**जयपुर (हमारा वतन)।** खादी के शौकीन लोगों के लिए एक सुनहरा मौका आया है, जिसमें 50 प्रतिशत की छूट खादी के सभी कपड़ों पर दी गई है । खादी के कपड़े पहनने की तो सभी लोग सोचते हैं, लेकिन महंगे होने के कारण खरीद नहीं पाते ऐसे लोगों के लिए इस साल नई-नई डिजाइन के खादी के कपड़े खादी भंडारों पर उपलब्ध है ।



जानकारी के लिए आपको बता दें कि 2 अक्टूबर से 31 जनवरी 2024 तक खादी के सभी वस्त्रों पर 50 प्रतिशत की छूट मिलना शुरू हो गई है । छूट मिलते ही खादी के सभी भंडारों पर खरीददारों की भीड़ लगना शुरू हो गई है । राजस्थान खादी ग्रामोद्योग संस्था संघ बजाज नगर जयपुर के मंत्री अनिल शर्मा ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से खादी के प्रोत्साहन और आम जनता तक खादी की पहुंच के लिए 50 प्रतिशत की छूट शुरू की गई है । इस छूट के तहत राजस्थान में जितने भी खादी के उत्पादन और वस्त्र हैं

उन पर उन सभी पर 50 प्रतिशत की छूट रहेगी। इस छूट का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक खादी को पहुंचाना और खादी से जुड़े कृत्रिम बुनकरों को रोजगार उपलब्ध कराना है ।

खादी को प्रोत्साहन देने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा खादी पर 35 प्रतिशत छूट की घोषणा की गई है इसके साथ ही आयोग की ओर से भी 15 प्रतिशत की छूट दी जा रही है।



## राजस्थान पेंशनर मंच ने किया भुवनेश तिवाडी का सम्मान

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान सरकार के विप्र कल्याण बोर्ड में विशेषज्ञ सलाहकार समिति में सदस्य बनाए जाने पर भुवनेश तिवाडी को राजस्थान पेंशनर मंच के अध्यक्ष राधेश्याम यादव के नेतृत्व में सम्मानित किया। इस दौरान तिवाडी ने सभी पेंशनर मंच के सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि जब भी राजस्थान पेंशनर मंच को मेरी आवश्यकता पड़ेगी तो मैं उनके साथ कंधे से कंधे मिलाकर उनके साथ कार्य करता रहूंगा, साथ ही उनके पेंशन से संबंधित आ रही समस्याओं का निराकरण करवाने के लिए उच्च अधिकारियों से मिलकर उसका समाधान करवाता रहूंगा । इस दौरान महामंत्री रामपाल कुमावत, मंत्री सीताराम बुनकर, संयुक्त मंत्री वली मोहम्मद ,भैरू राम यादव, महिला मंत्री बृज कंवर नाथावत, सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य नारायण सिंह यादव, ओम प्रकाश रीडर, गिरीराज प्रजापत आदि लोग उपस्थित रहे।



# बयाना गांधी सेवा सदन में 30 कतवारी महिलाओं को बांटे निशुल्क चरखा



**बयाना (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की बजट घोषणा के अनुसार खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से बयाना के गांधी सेवा सदन में कतवारी महिलाओं को रोजगार के लिए संभाग स्तरीय अंबर चरखा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा रहे । कार्यक्रम की अध्यक्षता भरतपुर जिला खादी समिति के अध्यक्ष संजीव गुप्ता ने की । विशिष्ट अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा, राजस्थान खादी ग्रामोद्योग बोर्ड संस्था संघ के मंत्री अनिल शर्मा और बयाना खादी समिति के उपाध्यक्ष महेंद्र तिवारी रहे । कार्यक्रम में बृजकिशोर शर्मा ने गांधी सेवा सदन बयाना, हिंडौन खादी समिति और बडोली गंगापुर सिटी खादी समिति को 10-10 कुल 30 महिलाओं को निःशुल्क चरखा प्रदान किया गया । इससे पूर्व अतिथियों ने महात्मा गांधी की आदमकद प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

बोर्ड अध्यक्ष बृजकिशोर शर्मा ने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार काम कर रही है । अंबर चरखा मिलने से अब महिलाएं भी आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी । उन्होंने गांधी जी के विचारों और दर्शन को आत्मसात करते हुए खादी को बढ़ावा देने की बात कही । इस अवसर पर गांधी सेवा सदन के मंत्री राकेश कुमार गुप्ता, नरेंद्र शर्मा, रामदयाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, योगेश सिंघल, विनोद शर्मा, कमल जैन, आनंदीलाल ,उदय चंद आदि लोग मौजूद रहे ।

# लायंस इंटरनेशनल ने आयोजित किया ट्रेफिक अवेयरनेस कार्यक्रम

**जयपुर (हमारा वतन)।** लायंस इंटरनेशनल प्रांत 3233E द्वारा मनाए जा रहे सेवा सप्ताह के पांचवें दिन ट्रेफिक अवेयरनेस डे में विभिन्न सेवा गतिविधियां की गई । कार्यक्रम संयोजक लायंस बसंत जलेवा ने बताया कि कार्यक्रम सर्वप्रथम गवर्नमेंट हॉस्टल चौराहे पर सीकेएस हॉस्पिटल द्वारा BLS सिपीआर की ट्रेनिंग दी गयी । जिससे दुर्घटना में जान बचाई जा सके । साथ ही विभिन्न ट्रेफिक बूथों पर फर्स्ट एड किट का एसीपी ट्रैफिक झाबर द्वारा विमोचन कराया गया । हाईवे पर ट्रैक्टर, ऊंट गाड़ी एवं अन्य वाहनों पर लगाने के लिए रिफ्लेक्टर भी प्रदान किए गए । इसके अतिरिक्त लोगों से ट्रैफिक सिग्नल्स के बारे में सवाल पूछकर उपहार दिए गए।



समारोह के मुख्य अतिथि प्रांत पाल ओपी गग्गड़ रहे एवं विशिष्ट स्थिति एडिशनल डीसीपी कम्युनिटी पुलिसिंग रहे । इस अवसर पर पूर्व प्रान्तपाल प्रभा सिंघी, रीजन चेयरपर्सन विकास खटोड, शंकर सिंह खंगारोत ,अजय सक्सेना, वीनू निहलानी ,योगिता जलेवा, सपना अग्रवाल,आशीष अग्रवाल ,संदीप अग्रवाल ,रानी पाटनी, नवीन सारस्वत, अमित अग्रवाल, वर्षा खटोड़, जनक झालानी, लियो नम्रता अग्रवाल, लियो पुलकित केडिया, राजेश शर्मा, मीनू भारतीय सहित विभिन्न क्लबों के मेंबर बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।



# समर्पण समाज गौरव 2023 के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** मानवता व परोपकार के लिए समर्पित राजस्थान की अग्रणी समर्पण संस्था द्वारा रविवार 22 अक्टूबर को ''समर्पण समाज गौरव 2023 अवार्ड समारोह आयोजित किया जायेगा। यह समारोह दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान के सियाम ऑडिटोरियम में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगा। समारोह के पोस्टर का विमोचन राजस्थान सरकार के कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीना ने किया । समारोह में देशभर से चयनित 57 उत्कृष्ट कार्य करने वाले महान व्यक्तियों को ''समर्पण समाज गौरव 2023 '' अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के कृषि विपणन राज्य मंत्री मुरारी लाल मीना होगें, अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक सायबर क्राइम व अध्यक्ष डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी करेंगे । विशिष्ट अतिथि प्रशान्त बैरवा ( विधायक, निवाई ), डॉ. बी. एल. जाटावत ( सेवानिवृत्त आईएएस, प्रधान पथ प्रदर्शक, समर्पण संस्था), डॉ. संजय बियानी ( निदेशक, बियानी ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेज ), बनवारी लाल बैरवा ( राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया एससी/ एसटी रेलवे एम्पलॉइज एसोसिएशन ), जनाब मोहम्मद इक़बाल खान ( सीईओ, दी राजलक्ष्मी महिला अर्बन कॉआपरेटिव बैंक ), मधुसूदन दाधीच ( तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विशेषज्ञ, राजस्थान सरकार ), आर. एस. बैरवा ( सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग), प्रमोद कुमार गोयल ( प्रबन्ध निदेशक, सफ़ारी ग्रुप), बलवीर बंशीवाल ( व्यवसायी, जे. के. पेट्रोलियम), सुनिता दामिनी ( समाज सेविका व व्यवसायी) होंगे ।

# हिंदुस्तान स्काउट्स एंड स्काउटर गाइडर प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**उदयपुर (हमारा वतन)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त एवं शिविर संचालक प्रदीप मेघवाल ने बताया कि हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य संभाग मुख्यालय उदयपुर के तत्वाधान में सात दिवसीय स्काउटर गाइडर शिविर का आयोजन प्रकृति साधना केंद्र, विद्या भवन उदयपुर में आयोजित किया जा रहा है। शिविर संचालक प्रदीप मेघवाल ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर के दौरान स्काउटर गाइडर को स्काउटिंग की विभिन्न विधाओ प्रशिक्षण दिया गया। जिसके तहत विभिन्न नियम, प्रार्थना, झंडा गीत, स्काउटिंग इतिहास प्राथमिक चिकित्सा आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर शिविरार्थियों में काफी जोश और उत्साह देखने को मिला। समापन



समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि अजय मेहता आर ए एस ट्रस्टी विद्या भवन एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आर एल श्रीमाल संचालक प्रकृति साधना केंद्र और पूर्व डायरेक्टर विद्या भवन थे। साथ ही शिविर के दौरान शिक्षणार्थियों को विभिन्न तरह की परिस्थितियों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर के दौरान मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सम्मानित किया गया। शिविर में दक्ष प्रशिक्षक संभाग सचिव मदनलाल वर्मा, ब्लॉक सचिव कुराबड तुलसी चणडात, ब्लॉक सचिव गोगुंदा झाडोल फलासिया देवेंद्र औदीच्य आदि के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आभार और धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा शंकर पालीवाल ने दिया।

# इनाया फाउंडेशन द्वारा आयोजित हुआ समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो कार्यक्रम

**सवाई माधोपुर (हमारा वतन)।** सवाई माधोपुर जिले के मलारना के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आर सी एस सी इ -समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इनाया फाउंडेशन एवं आर एच आई मैगनेसिटा द्वारा आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य एवम सभी स्टाफ उपस्थित रहे । कार्यक्रम में बहुत बडी संख्या में छात्राओं ने बढ-चढकर भाग लिया। तकरीबन 250 छात्राओं एवम 15 टीचर्स को जागरूक किया गया। जिसमे गुड टच बेड टच कार्यक्रम के माध्यम से गुड टच- बैड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 बालिका सुरक्षा हेल्पलाइन कार्यक्रम मे बहुत सहयोग रहा। इनाया फाउण्डेशन के टीम सदस्य योगेन्द्र कुमार, दिनेश मीणा उपस्थित रहे । जिन छात्राओं ने जवाब दिया उन्हें जी टी बी टी मेडल ,ट्रोफी इत्यादि पुरस्कार स्वरूप प्रदान कर आर एच आई के द्वारा



सम्मानित किया गया तथा सही जवाब देने वाली छात्राओं को उपहार दिए गए। इस कार्यक्रम द्वारा बालिकाओं को गुड टच व बेड टच और उसकी सुरक्षा के बारे में विस्तार से सभी छात्राओं को जानकारी दी गई। इस प्रोग्राम में सभी अध्यापकों एवम अध्यापिकाओं का अच्छा सहयोग रहा। इनाया फाउंडेशन की सचिव नितिशा शर्मा ने बेटियों की सुरक्षा एवं स्वाभिमान जैसे संवेदनशील व सार्थक विषयों को लेकर झालावाड़ की भूमि से कार्य प्रारंभ किया था। जिसे नाम दिया गया गुड - टच, बैड- टच, समझ स्पर्श की चुप्पी तोड़ो। विभिन्न स्कूलों में एवं कई गांवों में जाकर छात्राओं को सही व गलत स्पर्श की जानकारी दी गई । साथ ही आम लोगों को भी जागृत करने के प्रयास किए गए। राजस्थान सरकार के शिक्षा विभाग के साथ एमओयू के बाद 33 जिलों में 10 लाख छात्रों को जागरूकता अभियान के साथ जोड़ा जा रहा है।



# पंडित रविंद्र आचार्य का हुआ श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति के वार्षिकोत्सव में सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति ने 31 वां वार्षिकोत्सव खंडेलवाल कॉलेज जयपुर में मनाया । भजन गायक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी। लखबीर सिंह लक्खा, संजय मित्तल , संतोष व्यास ,अभिषेक नामा ने बाबा श्याम के भजन सुना कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया । इस दौरान तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य का श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति के संरक्षक रामबाबू कायथवाल, रामबाबू झालाणी, ओम प्रकाश नाटाणी, जगमोहन शर्मा, सुरेश पाटोदिया ,एस.के शुक्ला, कैलाश बड़ाया ,कन्हैयालाल अग्रवाल, शंकर झालानी, हरिशंकर केदावत ने माला पहनाकर शोल ओढ़ाकर सम्मान किया ।

## जॉब्स

1. राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, पद एनिमल अटेंडेंट, पद संख्या 5934, अंतिम तिथि 11 नवंबर 2023
2. बिहार पुलिस, पद सब इंस्पेक्टर, पद संख्या 1275, अंतिम तिथि 5 नवंबर 2023
3. ईएसआईसी, पद विभिन्न पैरामेडिकल पोस्ट, पद संख्या 1035, अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023
4. राजस्थान स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, पद लॉ ऑफिसर, जूनियर साइंटिफिक ऑफिसर व अन्य, पद संख्या 114, अंतिम तिथि 17 नवंबर 2023
5. यूपीपीएससी, पद एडिशनल प्राइवेट सेक्रेटरी, पद संख्या 328, अंतिम तिथि 26 अक्टूबर 2023
6. यूपीपीएससी,पद समीक्षा अधिकारी, पद संख्या 411, अंतिम तिथि 9 नवंबर 2023
7. एम्स भोपाल, पद स्टोर कीपर, एमटीएस, एलडीसी व अन्य, पद संख्या 233, अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023
8. ईस्टर्न रेलवे कोलकाता, पद अप्रेंटिस, पद संख्या 3115, अंतिम तिथि 26 अक्टूबर 2023




# सालों बाद एक्स रवीना टंडन के साथ काम करने पर अक्षय कुमार बोले- हमने तो साथ में...



अक्षय कुमार ने हाल ही में वेलकम 3 यानी कि वेलकम टू द जंगल की अनाउंसमेंट की। इस फिल्म की अनाउंसमेंट से फैंस काफी खुश हुए। हालांकि जब फैंस को पता चला कि इस फिल्म में वह रवीना टंडन के साथ नजर आएंगे तो सबकी एक्साइटमेंट और बढ़ गई। दोनों काफी समय बाद बड़े पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। एक समय पर दोनों की केमिस्ट्री ने सबको दीवाना बना दिया था और अब सालों बाद दोनों क्या कमाल करेंगे बस यही फैंस को देखना है। अब हाल ही में अक्षय से रवीना के साथ वापस काम करने पर पूछा तो जानें उन्होंने क्या कहा।

**रवीना के साथ काम पर क्या बोले**-अक्षय ने एएनआई को दिए इंटरव्यू में कहा, हम साथ में फिल्म कर रहे हैं वेलकम टू द जंगल जिसकी जल्द ही शूटिंग शुरू करेंगे। हमने साथ में कई हिट फिल्में दी हैं और मैं उनके साथ काम करने के लिए खुश हूं। काफी समय बाद हम एक ही स्क्रीन पर साथ में नजर आएंगे।

**अक्षय-रवीना की फिल्में**-बता दें कि रवीना और अक्षय ने साथ में मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी और मोहरा जैसी हिट फिल्में दी हैं। इतना ही नहीं दोनों की फिल्मों के गाने भी सुपरहिट होते थे जिसमें तू चीज बड़ी है मस्त-मस्त और टिप-टिप बरसा पानी शामिल है। लास्ट दोनों साल 2004 में आई फिल्म पुलिस फोर्स एन इंसाइड स्टोरी में नजर आए थे।

# मलयालम एक्ट्रेस दिव्य प्रभा के साथ नशे में धुत शख्स ने एयर इंडिया में की बदसलूकी, पुलिस में दर्ज कराई शिकायत

एक्ट्रेस दिव्य प्रभा चर्चा में हैं। इन्होंने पुलिस शिकायत की है। एयर इंडिया में इनके साथ छेड़खानी हुई। जिसके बाद इसकी शिकायत इन्होंने एयर होस्टेस से की। लेकिन शख्स की सीट बदलने के अलावा कुछ नहीं किया गया। फिर पोर्ट पर इन्होंने पुलिस से संपर्क किया और लिखित में शिकायत दी।मलयालम एक्ट्रेस दिव्य प्रभा ने केरल पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया है कि मुंबई से कोच्चि जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट AI681 में एक को-पैसेंजर ने उनके साथ छेड़छाड़ की। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा कि वह पैसेंजर नशे में धुत था। फ्लाइट में उनका परेशान किया गया। उन्होंने कहा कि एयर होस्टेस को रिपोर्ट करने के बावजूद, सिर्फ ये कार्यवाही की गई कि उस शख्स को टेक ऑफ से पहले दूसरी सीट पर शिफ्ट कर दिया गया।दिव्य प्रभा ने इंस्टाग्राम पर अपनी आपबीती बताई। लिखा, कोच्चि एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद, इस परेशान की जानकारी एयरपोर्ट और एयरलाइन अधिकारियों को दी गई, जिन्होंने मुझे एयरपोर्ट पर स्थित पुलिस एड के पास भेज दिया। घटना के बारे में उन्होंने अपनी शिकायत में लिखा, नशे में धुत वो इंसान 12सी से उठतर 12बी पर आ गया और मेरी सीट 12ए थी। और फिर बिना किसी तर्क के बहस शुरू कर दी। साथ ही फिजिटल होने लगा। गलत तरह से छूने लगा।



# ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम अशनूर कौर ने 19 साल की उम्र में खरीदा घर

ये रिश्ता क्या कहलाता है में जब हिना खान थीं तब वह अक्षरा का किरदार निभाती थीं। वहीं उनकी बेटी नायरा का किरदार निभाती थीं अशनूर कौर। अशनूर को इस शो में काफी पसंद किया गया। अशनूर ने 5 साल की उम्र से टीवी की दुनिया में काम करना शुरू कर दिया था। वह शो झांसी की रानी में नजर आती थीं। इसके बाद शो ये रिश्ता क्या कहलाता है से उन्हें फेम मिला। वह इसके अलावा कई शोज में काम कर चुकी हैं और कुछ फिल्मों में भी। अशनूर 19 साल की हैं और इतनी कम उम्र में अशनूर ने काफी फेम और पैसे कमा लिए हैं। अब 19 साल की उम्र में अशनूर ने घर खरीद लिया है।




**नए घर में ली एंट्री**-अशनूर ने घर की तस्वीरें शेयर की हैं जिस पर फैंस से लेकर की सेलेब्स ने उन्हें बधाई दी। अपने नए घर पर अशनूर ने पाठ रखवाया था जिसमें परिवार वाले और करीबी दोस्त शामिल हुए थे। पहली फोटो में आप देखेंगे कि अशनूर केक कट कर रही हैं मम्मी-पापा के साथ। बाकी की फोटोज में दिखेगा कि घर में पाठ हो रहा है और अशनूर, परिवार के साथ ध्यान लगा रही हैं।

**परिवार के साथ मनाई खुशी**-अशनूर ने फोटोज शेयर कर लिखा, हम एक घर खरीदते हैं लेकिन, उसे घर बनाने के लिए परिवार की जरूरत होती है। प्रार्थनाओ, डांस और हंसी के साथ हम नए घर में आए।

**मेहनत से मिला फल**-इससे पहले ई टाइम्स से बात करते हुए अशनूर ने नए घर को लेकर बताया था कि उन्होंने एक नई जगह बुक की है जो अंडर कंस्ट्रक्शन है। अशनूर ने इसे अपना ड्रीम हाउस बताया था क्योंकि वह इसके लिए कई सालों से मेहनत कर रही है। वह बोलीं, ये बहुत ही अच्छी फीलिंग देता है मुंबई में अपना घर होना। सबका सपना होता है इस शहर में अपना घर लेना। मैंने एक गाड़ी भी खरीदी, लोगों को लगता होगा कि मुझे इतनी कम उम्र में सब मिल गया, लेकिन मैंने इसके लिए बहुत मेहनत भी की है।



# आखिर क्यों हम चले जाते है टॉक्सिक लोगों के पास वापस



कितनी बार आपने खुद को टॉक्सिक लोगों के आगे मजबूर महसूस किया है? आखिर क्या कारण है कि हम उनके पास वापस चले जाते हैं? चलिये पता करते हैं आखिर इसके पीछे क्या कारण है।एक ऐसे रिश्ते की कल्पना करें, जिसमें आपका पार्टनर आपको हमेशा गैसलाइट करने की कोशिश करता है। वह आपको कभी भी प्रेरित नहीं करते और हमेशा नीचा दिखाते हैं। इसके अलावा, जब आप इन मुद्दों पर बात करने की कोशिश करते हैं, तो वे यह सब आप पर डाल देते हैं। इन सब के बावजूद आप उनसे दूर होने की आपकी सारी कोशिशें फेल हो जाती हैं और आप लौटकर वापस उन्हीं के पास आ जाती हैं। आखिर क्यों? आप अकेले नहीं हैं जो टॉक्सिक रिश्तों में बंधे हुये हैं। यह आपका साथी, माता-पिता, भाई-बहन, दोस्त या कोई भी हो सकता है, जिनसे आपके लिए दूर जाना मुश्किल है। मगर याद रखें, ये लोग लंबे समय में आपके लिए अच्छे नहीं हैं। इनके साथ रहना आपको इमोशनली (कभी-कभी शारीरिक रूप से) डैमेज कर सकता है। यह भावना कभी-कभी आत्मघाती भी हो सकती है।

टॉक्सिक रिलेशनशिप में होने पर इन बातों का ध्यान रखना चाहिए

1. **आप किसी को नहीं बदल सकते**-हमारा दिल हमेशा यही उम्मीद करता है कि जिसे हम प्यार करते हैं वो हमारे लिए बदल जाएगा। मगर सच तो यह है कि ऐसा वास्तव में होता नहीं है। अगर कोई है जो आपकी जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ है, तो उन्हें काट देना ही बेहतर है। किसी ऐसे व्यक्ति के पास न भागें जो आपके लिए टॉक्सिक है।

2. **अपने आत्मसम्मान को कम न करें**-कभी-कभी, हमें एहसास नहीं होता है, लेकिन हमारे पार्टनर द्वारा की जाने वाली चीज़ें वास्तव में हमारे लिए टॉक्सिक हो सकती हैं। वे लगभग हमेशा आपके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाते हैं, वे वास्तव में इसके लायक नहीं है।

3. **पावर इम्बैलेंस**-हम में से अधिकांश लोग प्यार की परिभाषा को गलत समझ लेते हैं। यही वजह है कि एक व्यक्ति आमतौर पर रिश्ते पर नियंत्रण रखता है, जबकि दूसरा अपनी जरूरतों को दबा देता है। शक्ति असंतुलन कभी-कभी भय और जबरदस्ती भी पैदा कर सकता है। समय के साथ, वे और भी बदतर हो सकते हैं।

4. **दुर्व्यवहार कभी भी स्वीकार्य नहीं है**-चाहे वह शारीरिक या भावनात्मक शोषण हो, यह स्वीकार्य नहीं है। ज्यादातर मामलों में, ऐसा तब होता है जब आप एक नारसिस्ट के साथ रहते हैं। हिंसक व्यवहार आपको आहत और डरा भी सकता है, और अगर आपके साथ ऐसा हो रहा है, तो उन्हें तुरंत छोड़ दें।

# घर की ये चीजें आपको कर सकती हैं बीमार

घर की साफ-सफाई का हम हमेशा ख्याल रखते हैं, मगर 71 प्रतिशत लोग रोजाना इस्तेमाल किए जाने वाले होम एप्लायंसेज (घरेलू उपकरणों) की साफ-सफाई की तरफ ज्यादा गंभीर नहीं होते हैं। एक एप्लायंसेज वेबसाइट के सर्वे के अनुसार लोग वॉशिंग मशीन (कपड़े धोने की मशीन) को साल में एक बार, डिश वॉसर (बर्तन धोने की मशीन) को साल में तीन बार, माइक्रोवेव को साल में दो बार और फ्रिज को साल में सिर्फ आठ बार ही साफ करते हैं। जो कि काफी कम है और इसमें पनपने वाले गंदे कीटाणु और फंगस पेट दर्द और चर्म संक्रमण जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं।



आइए जानते हैं घर की कौन-सी चीज की पर्याप्त साफ-सफाई नहीं करना हमारी सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है।

**फ्रिज**- कई शोध के मुताबिक ई.कोली, साल्मोनेला और लिस्टरिया फ्रिज में पनप सकते हैं, जो कि विषाक्त भोजन, पेट दर्द का कारण बन सकते हैं। साथ ही यह बात भी सामने आई है कि फ्रिज में सलाद रखने वाली जगह खतरनाक बैक्टीरिया के लिए 750 गुना आरामदायक जगह होती है।

**वॉशिंग मशीन**-घर में कपड़े धोने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 44 प्रतिशत वॉशिंग मशीन में ई.कोली और स्टेफिलोकोकस ऑरियस जैसे बैक्टीरिया पैदा हो सकते हैं। जिससे आपको त्वचा पर जलन, फोड़े-फुंसी और चकत्ते की समस्या हो सकती है। कई बार ये बीमारियां खतरनाक रूप ले लेती हैं और काफी समय तक परेशान करती हैं।

**डिश वॉशर**-अधिकतर लोग डिश वॉशर को उच्च तापमान पर इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इसके बावजूद भी स्यूडोमोनास और एसिनेटोबैक्टर जैसे हानिकारक बैक्टीरिया आसानी से मिल जाते हैं। जिस वजह से लोगों में फंगल संक्रमण और रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो सकती है। साथ ही कई बार इन उपकरणों में खाने के कण रह जाते हैं, जिस वजह से बर्तन पूरे साफ नहीं हो पाते और कई लोगों में सांस संबंधी परेशानी भी पैदा करते हैं।

**माइक्रोवेव**- खाद्य पदार्थों से बैक्टीरिया को विकसित होने के लिए पोषण मिलता है। इसलिए माइक्रोवेव में ई.कोली और साल्मोनेला जैसे बैक्टीरिया मिलने संभावना अधिक होती है। जिससे चर्म रोग और पेट दर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

## शारदीय नवरात्रि में आपके काम की हैं ये बातें, हर माता रानी के भक्त को होनी चाहिए पता

मां आदिशक्ति दुर्गा को समर्पित पर्व नवरात्रि प्रारंभ होने वाले हैं। नवरात्रि के दौरान भक्तों को कुछ खास नियमों का पालन करना चाहिए। आप भी जान लें नवरात्रि पर्व...

शारदीय नवरात्रि का पर्व। नवरात्रि में मां भगवती के अलग-अलग स्वरूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। मान्यता है कि नवरात्रि में कुछ खास नियमों का पालन करने से मां दुर्गा प्रसन्न होती हैं और भक्तों पर अपनी कृपा बरसाती हैं। आप भी जान लें नवरात्रि में क्या करना चाहिए और क्या नहीं

**इस बात का रखें विशेष ध्यान**-अगर आप नवरात्रि में कलश स्थापना कर रहे हैं, माता की चौकी का आयोजन कर रहे हैं या अखंड ज्योत प्रज्वलित कर रहे हैं तो इन दिनों घर को अकेला या खाली न छोड़ें।

**इन चीजों से बनाएं दूरी**-नवरात्रि के नौ दिनों तक तामसिक भोजन से दूरी बनाकर रखनी चाहिए। इस अवधि में प्याज, लहसुन और नॉन वेज नहीं खाना चाहिए।

**इस रंग के वस्त्र न करें धारण**-नवरात्रि के नौ दिन काले रंग के वस्त्र धारण नहीं करने चाहिए। मान्यता है कि ऐसा करने से मां दुर्गा नाराज हो सकती हैं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# संघर्ष के दौर में फीकी पड़ी नोबेल की चमक

यूक्रेन की लड़ाई से दुनिया में बढ़ रहे ध्रुवीकरण ने नोबेल पुरस्कारों की घोषणा को लेकर बनने वाले माहौल पर इस बार बुरा असर डाला है। खासकर अर्थशास्त्र के क्षेत्र में दिया जाने वाला नोबेल का समतुल्य पुरस्कार घोषित होने के दिन तो हद ही हो गई,


राम गोपाल सैनी

जब इस्राइल पर हमास के आतंकी हमले ने इस महत्वपूर्ण खबर को चर्चा से ही बाहर कर दिया। क्लॉडिया गोल्डिन बहुत लंबे समय से लेबर मार्केट में महिला और पुरुष मजदूरों की अलग-अलग स्थिति को लेकर काम कर रही हैं। वैसे भी कुल तीन ही महिला अर्थशास्त्रियों को अभी तक यह पुरस्कार मिला है। जाहिर है, यह खुद में एक बहुत बड़ी सूचना थी। लेकिन घटनाक्रम के दबाव में इसे उतनी तवज्जो नहीं मिल सकी।अमेरिका की हार्वर्ड यूनिर्सिटी में पढ़ाने वाली प्रो. क्लॉडिया का काम अर्थशास्त्र की इस मूलभूत धारणा का खंडन करता है कि पूंजी की तरह श्रम का भी कोई चेहरा नहीं होता। मूलतः अर्थशास्त्र के इतिहास की खोजबीन पर केंद्रित इस शोधकार्य में हर सभ्यता, हर समाज में स्त्री मजदूरों और कर्मचारियों का प्रभावी वेतन लंबी अवधि में पुरुषों की तुलना में कम ही पाया गया। यहां से आगे बढ़कर क्लॉडिया गोल्डिन और उनकी परंपरा में आई अन्य शोधार्थियों ने जेंडर इकॉनमिक्स के लिए गुंजाइश बनाई, जिसका असर अब कहीं-कहीं नीति निर्धारण में भी दिखने लगा है। मात्र 51 साल की उम्र में 13 बार जेल जा चुकी और आज भी बुरी शारीरिक दशा में बंदी जीवन बिता रही ईरान की महिला कार्यकर्ता और लेखिका नरगिस मोहम्मदी को शांति का नोबेल पुरस्कार एक तरह से इस पुरस्कार का ही सम्मान है। धार्मिक पर्देदारी के खिलाफ ईरानी महिलाओं का जीवन-मरण का संघर्ष पिछले दो-तीन वर्षों से पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। नरगिस का जीवट देखिए कि नोबेल मिलने के बाद जेल से ही उन्होंने दुनिया को अपना और अपने मुल्क का हाल बताने का इंतजाम किया, जबकि उचित इलाज के बिना वहां वे गंभीर स्नायविक बीमारियों का सामना कर रही हैं और पिछले दो वर्षों से उन्हें अपने बच्चों से बात तक नहीं करने दिया गया है।साहित्य का नोबेल इस साल नॉर्वेजियन लेखक यून फुस्से को मिला है, जिनकी कृतियों का अनुवाद 50 भाषाओं में हो चुका है और दुनिया भर में सबसे ज्यादा खेले जाने वाले जीवित नाटककार का रुतबा जिन्हें हासिल है। कमाल की बात है कि नाटकों के लेखन में इतने ऊंचे मुकाम पर पहुंच जाने के बाद यून फुस्से ने नाटक लिखना छोड़ दिया और मंत्रों की बुदबुदाहट जैसे बहुत खास मिजाज की अपनी कहानियों, उपन्यासों और कविताओं की दुनिया में लौट गए। वजह पूछने पर बताया कि लेखन में वे सिर्फ अपनी आवाज सुनते हैं। जो मन के भीतर है वही कहते हैं।

# राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 प्रदेश में पहली बार अनिवार्य सेवाओं की कैटेगरी में मीडियाकर्मी शामिल

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 में सर्विस वोटर्स के अलावा अन्य आठ विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों को भी भारत निर्वाचन आयोग ने डाक मतपत्र के जरिए वोटिंग की सुविधा दी है। इस श्रेणी में पहली बार राजस्थान में मीडियाकर्मियों को भी शामिल किया गया है। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी की है। बिजली-पानी, रोडवेज-मेट्रो, डेयरी, फायर फाइटर, चिकित्सा शिक्षा विभाग और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी इसमें शामिल हैं ।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन आयोग से जारी आदेशों के मुताबिक मेडिकल सेक्टर में डॉक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस कर्मचारी, ऊर्जा विभाग में इलेक्ट्रिशियन, लाइन मैन, पीएचईडी में पम्प ऑपरेटर, टर्नर, राजस्थान की दुग्ध समितियों में काम करने वाले कर्मचारी, रोडवेज में ड्राइवर-कंडक्टर और निर्वाचन आयोग से अधिकृत मीडिया कर्मचारियों को इस साल से पोस्टल बैलेट (डाक मतपत्र) के जरिए वोटिंग की सुविधा दी जाएगी।




गुप्ता ने बताया कि सर्विस वोटर्स की श्रेणी में पहली बार पत्रकारों को शामिल किया गया है। अभी तक सर्विस वोटिंग की सुविधा चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों-अधिकारियों, सेना या पैरा मिलिट्री से जुड़े जवानों को ही मिलती थी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी गुप्ता ने बताया कि इन सभी अनिवार्य सर्विस वालों को अब से पोस्टल बैलेट की सुविधा दी गई है। संबंधित विभाग बताएंगे कि उनके यहां कितने ऐसे कर्मचारी हैं जिनकी वोटिंग के दिन ड्यूटी रहेगी और वो उस दिन वोट देने से वंचित रह सकते हैं। उस सूची के आधार पर रिटर्निंग अधिकारी उन कर्मचारियों को फार्म 12-डी जारी करेगा और उनको बैलेट पेपर के जरिए वोटिंग की सुविधा फैसिलिटेशन सेंटर पर दी जाएगी।

# वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी ने की सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से शिष्टाचार भेंट

**देहरादून (हमारा वतन)।** स्वागत व अभिनंदन में फूलों के गुलदस्ता के बजाय पौधा उपहार में देने के प्रेरता पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी व किरन सोनी ने उत्तराखंड सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण, ग्राम्य विकास, सैनिक कल्याण विभाग कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें मोरपंखी का पौधा उपहार में भेंट किया।



डॉ. सोनी ने कि कहा पर्यावरण संरक्षण, संवर्द्धन व पौधों को भावनाओं से जोड़ने के लिए में यह कार्य करता हूं और दूल्हा दुल्हन को शगुन में पौधा उपहार में देता हूँ ताकि पौधा रोपकर अपने शादी के पल को यादगार बनाए । वहीं किरन सोनी ने कहा कि प्रकृति की सेवा सच्ची सेवा हैं, प्रकृति स्वच्छ होगी तो हमें अच्छी हवा मिलेगी । मैं तत्परता से अपने पति डॉ. सोनी का सहयोग करूँगी ताकि आनेवाली पीढ़ी के लिए हम एक स्वच्छ वातावरण बना सके। मंत्री गणेश जोशी ने इस पुनीत कार्य के लिए डॉ. सोनी व किरन सोनी को बधाई दी।



## हमार वतन

परिवार की और से सभी देश वासियों को नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

### सीकर में राजस्व पटवारी 3 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

सीकर(वि.सं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय के निर्देश पर सीकर इकाई द्वारा पटवारी हलका सेवद बड़ी की पटवारी उर्मिला फगेडिया को परिवादी से 03 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी (अतिरिक्त चार्ज महानिदेशक) ने बताया कि एसीबी की सीकर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी थी।

## आज का इंसान (कविता)

आज का इंसान मन की
भावनाओ को कहाँ समझ पाता है
थोड़ी सी भी फटी जूती देख
अजीब सा मुंह बनाता है।
छांव में पला बढ़ा धूप
का अहसास कहाँ कर पाता है
कपड़ो की तरह पल पल
मन को बदलता रहता है ।
अनंत सुख मिल जाने
पर भी कहाँ मन भरता है
और वह तो अधिक
पाना चाहता है ।
कोरा दिखावा कर झूठ
बोलकर सबका मन जीत लेता है
और सबके सामने
अच्छा बन जाता है ।
किसी की अच्छाई को
छोड़ बुराई के गुण वो गाता है।
कोई दुख भी उसे
बताए तो मजाक बनाता है
अरे ऐसा इंसान दुख
को कहाँ समझ पाता है।



-पूजा गाड़िया
लोहार, पिपलिया

## युद्ध (कविता)

रोज टीवी समाचारों में
असहिष्णुता से पनपे आतंक की
खबर आ गई।
यूक्रेन रूस इजराइल गाजा से
बारूद के दहकते शोलों
की गंध आ गई।
बेकसूर बच्चों, बूढ़ों, मानवों की
मौत हमें बेवजह
शर्मसार करा गई।
आरोप प्रत्यारोप की जुबानी जंग
फिर प्यार महोब्बत को भुला गई।
लगता है टीवी समाचारों में तृतीय
विश्व युद्ध के होने की
आहट आ गई।
मानवीय मूल्यों को भुला ये घटना
अहम महत्वाकांक्षा को जीता गई।
युद्ध का परिणाम बर्बादी ,विध्वंस,
हिंसा और पछतावे पर
खतम करा गई।
लगता है आतंक के आकाओं की
हकीकत हमें फिर रूबरू करा गई।
महोब्बत से भरी दुनिया को
शैतानी ताकतें फिर हरा गई।
लगता है नफरतों से भरी दुनिया
कैसी होती है ये हम
सभी को बता गई।



राजेन्द्र आचार्य
राजन भवानीमंडी




RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा